(162)

082

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ-२२७१३२

संख्या-ई.स./ 1413 /जीएस.
दिनांक 22 जुलाई २००५

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश ।

सेवा में,

कुलसचिव,
उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,
इन्स्टीटयूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी परिसर,
सीतापुर रोड,
लखनऊ ।

महोदय,

आपके पत्र संख्या- उ०प्र०प्रा०वि०/कुस०का/२००५/७३८३-८४ दिनांक २६.६.२००५ के संदर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि महामहिम कुलाधिपति महोदय ने उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय अधिनियम २००० की धारा २३(२) के अधीन मुरादाबाद इन्स्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी,मुरादाबाद को १. कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग (६० सीट) २. मैकेनिकल इंजीनियरग (६० सीट) ३. इलेक्ट्रानिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजी०(६० सीट) ४. इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजी०(१२० सीट) ५.इन्फारमेशन टेक्नोलाजी (६० सीट) स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत निम्नलिखित शर्तो के अधीन दिनांक १.७.२००५ से सत्र २००५-०६ हेतु सम्बद्धता की स्वीकृति सहर्ष प्रदान कर दी है :-

१. संस्था दिनांक १.७.२००५ से आगामी तीन माह की अवधि के अन्दर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एवं निरीक्षण मण्डल/शासन द्वारा दर्शित कमियों को अनिवार्यतः पूर्ण कर लेगी अन्यथा सम्बद्धता सम्बंधी विशेषाधिकार को कम करने अथवा समाप्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

२ संस्था अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सम्बद्धता की शर्तो को पूरा करती रहेगी तथा संस्थान संचालन के लिए विश्वविद्यालय की सम्बद्धता के साथ-साथ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद का अनुमोदन भी संस्था/पाठ्यक्रम संचालन हेतु वर्षानुवर्ष प्राप्त होता रहें। ए.आई.सी.टी.ई.का संस्था पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनुमोदन प्राप्त न होने की दशा में सम्बद्धता स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

३. संस्था प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी शासनादेश संख्या -२०७३/२००३-१६-१-७८/६१ टी.सी.-१ दिनांक २०.६.०३ में उल्लिखित दिशा-निर्देशों एवं समय-समय पर इस विषय में निर्गत शासनादेशों का पालन करेगी।

४. संस्था विश्वविद्यालय की परिनियमावली में उल्लिखित सम्बद्धता से सम्बन्धित परिनियमों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करेगी ।

भवदीय

(हरी चरन प्रकाश)
कुलाधिपति के विशेष सचिव

R

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

१. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा विभाग, लखनऊ।

२. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर ।

३. निदेशक अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, इन्दिरा गांधी खेल परिसर, इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, नयी दिल्ली

४. निदेशक मुरादाबाद इन्स्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी,मुरादाबाद

09/01/2006 (2) (11)

(हरी चरन प्रकाश)
कुलाधिपति के विशेष सचिव

161

082

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ-२२७१३२

संख्या-ई.स./2684 /जीएस.
दिनांक 16-11- २००५

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश ।

सेवा में,

कुलसचिव,
उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,
इन्स्टीटयूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी परिसर,
सीतापुर रोड,
लखनऊ ।

महोदय,

कृपया इस कार्यालय के पत्रसंख्या-ई.स./१४१३/जी.एस.दिनांक २२.७.२००५ का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा मुरादाबाद इन्स्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी मुरादाबाद को कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में ६० सीट की प्रवेश क्षमता सहित दिनांक १.७.२००५ से आगामी एक वर्ष हेतु सम्बद्धता की स्वीकृति प्रदान की गई थी।

उपरोक्त पाठ्यक्रम हेतु सीटों की क्षमता वृद्धि के सम्बन्ध में आपके द्वारा प्रेषित पत्र संख्या- उ०प्र०प्रा०वि०/कुस०का/२००५/८६०५-०६ दिनांक १८.७.२००५ के संदर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि महामहिम कुलाधिपति महोदय ने सम्यक् विचारोपरान्त मुरादाबाद इन्स्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी मुरादाबाद को कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में ३० सीट अतिरिक्त **क्षमता वृद्धि** (६० सीट + ३० सीट कुल १२० सीट) की स्वीकृति सहर्ष प्रदान कर दी है। इस कार्यालय के पत्र दिनांक २२.७.२००५ में उल्लिखित शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

भवदीय

(विजय कुमार सिंह)
कुलाधिपति के अनु सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

१. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा विभाग, लखनऊ।
२. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर ।
३. निदेशक अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, इन्दिरा गांधी खेल परिसर, इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, नयी दिल्ली
४. निदेशक मुरादाबाद इन्स्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी मुरादाबाद

09/01/2006

(विजय कुमार सिंह)
कुलाधिपति के अनु सचिव